# 5. बी० एड० अभियोग्यता परीक्षण

Part - I : B.Ed. Apptitude Test — Duration : 90 minutes
Part - II : Personality Inventory Test — Duration : 30 minutes

**नमूना प्रश्न-पत्र**

**निर्देश :** 1. इस परीक्षा के तीन भाग हैं। प्रत्येक भाग में वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए हुए हैं। इन प्रश्नों को सावधानीपूर्वक पढ़िये और इनके उत्तर अलग से दी जाने वाली उत्तर पुस्तिका में अंकित कीजिए। प्रश्न बहुसंख्यक विकल्प (Multiple Choice) प्रकार के हैं।
2. प्रश्न पुस्तिका में कहीं भी कोई निशान नहीं लगाएँ।

## (अ) शिक्षा की समस्याओं और विकास से सम्बन्धित जानकारी — पूर्णांक : 30
## (Awareness of issues and recent development in the field of Education)

**निर्देश :** प्रस्तुत परीक्षण पत्र में शिक्षा की समस्याओं से सम्बन्धित 30 प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्पों का प्रावधान है। आप प्रत्येक प्रश्न को ध्यान से पढ़कर उन विकल्पों में से जिसको सर्वाधिक उपयुक्त मानते हों, उसको उत्तर प्रपत्र में दिये गये क्रमाक्षरों पर गोला ( O ) इंगित कीजिये।

1. कौन सी शिक्षा पद्धति में शिक्षक को 'उपाध्याय' कहा जाता था ?
(क) उपनिषद् (ख) वैदिक (ग) मुस्लिम (घ) बौद्ध।
2. प्रौढ़ शिक्षा का नाम बदलकर समाज शिक्षा रखने का सुझाव दिया –
(क) पं. जवाहर लाल नेहरू ने (ख) डॉ. सम्पूर्णानन्द ने
(ग) महात्मा गाँधी ने (घ) मौलाना अब्दुल कलाम आजाद ने।
3. 'पबज्जा' संस्कार किस काल में होता था ?
(क) उपनिषद् (ख) बौद्ध (ग) वैदिक (घ) मध्य।
4. तक्षशिला विश्वविद्यालय का विकास किस काल में हुआ ?
(क) वैदिक काल (ख) उपनिषद् काल (ग) मध्य काल (घ) बौद्ध काल।
5. विश्वबन्धुत्व की भावना एवं अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना के विकास पर किसने बल दिया है ?
(क) डीवी (ख) टैगोर (ग) रूसो (घ) महात्मा गाँधी।
6. भारत का पहला महिला विश्वविद्यालय है –
(क) वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान
(ख) मदर टेरेसा महिला विश्वविद्यालय, कोडइकेनाल
(ग) श्री पद्मावती महिला विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश
(घ) श्रीमती नाथीबाई दामोदर ठाकरसी महिला विश्वविद्यालय, मुम्बई।
7. जाकिर हुसैन समिति का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किससे है ?
(क) तकनीकी शिक्षा (ख) मूल्यपरक शिक्षा (ग) बेसिक शिक्षा (घ) स्त्री शिक्षा।
8. "शिक्षा मनुष्य में अन्तर्निहित पूर्णता की अभिव्यक्ति है", यह कथन है –
(क) गाँधी का (ख) विवेकानन्द का
(ग) टैगोर का (घ) श्री अरविन्द का।
9. कोठारी आयोग के प्रकाशित होने के बाद प्रथम राष्ट्रीय शिक्षा नीति कब घोषित हुई ?
(क) सन् 1964 में (ख) सन् 1966 में
(ग) सन् 1968 में (घ) सन् 1986 में
10. भारतीय संविधान में नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा की आयु निर्धारित है –
(क) 14 वर्ष (ख) 15 वर्ष
(ग) 16 वर्ष (घ) 18 वर्ष

11. शिक्षा के किस स्तर पर अपव्यय की समस्या सबसे अधिक गम्भीर है ?

(क) पूर्व प्राथमिक स्तर (ख) प्राथमिक स्तर

(ग) माध्यमिक स्तर (घ) विश्वविद्यालय स्तर।

12. उच्च शिक्षा में चयनात्मक प्रवेश नीति का सुझाव दिया –

(क) कोठारी आयोग ने (ख) मुदालियर आयोग ने

(ग) राधाकृष्णन् आयोग ने (घ) ताराचन्द समिति ने।

13. गोखले के बिल का संबंध था –

(क) पूर्व प्राथमिक शिक्षा से (ख) प्राथमिक शिक्षा से

(ग) माध्यमिक शिक्षा से (घ) उच्च शिक्षा से।

14. भारतीय संविधान की वह कौन–सी धारा है जिसके अन्तर्गत यह प्रावधान है कि "शिक्षा संस्थाओं की सहायता देने में राज्य किसी शिक्षा संस्था के विरुद्ध इस आधार पर विभेद नहीं करेगा कि वह धर्म या भाषा पर आधारित किसी अल्पसंख्यक वर्ग के प्रबंध में है" ?

(क) धारा 15 (3) (ख) धारा 30 (2)

(ग) धारा 45 (घ) धारा 29 (2)

15. भारतीय संविधान की धारा 28(1) में चर्चा की गई है –

(क) धार्मिक कार्यों के प्रबन्ध की स्वतन्त्रता के संदर्भ में

(ख) राज्य निधि से पूर्णतः पोषित किसी शिक्षा संस्थान में कोई धार्मिक शिक्षा न दिए जाने के संबंध में

(ग) किसी विशेष धर्म की अभिवृद्धि के लिए करों के संदाय के बारे में स्वतन्त्रता संबंधी

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

16. 'एकेडेमिक स्टाफ कॉलेज' किस स्तर के अध्यापकों को अभिनवीकरण तथा पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए स्थापित किए गए हैं ?

(क) पूर्व प्राथमिक स्तर (ख) प्राथमिक स्तर

(ग) माध्यमिक स्तर (घ) उच्च शिक्षा स्तर।

17. 'भारतीय शिक्षा का मैग्ना कार्टा' किसे कहते हैं ?

(क) शिक्षा नीति 1986 (ख) वुड का घोषणापत्र

(ग) कोठारी आयोग की रिपोर्ट (घ) गोखले का बिल।

18. शिक्षा का व्यवसायीकरण किससे संबंधित है ?

(क) व्यवसायियों से धन लेकर विद्यालय स्थापित करना

(ख) नए–नए व्यवसाय स्थापित करना

(ग) विभिन्न व्यवसायों में संलग्न होने के लिए विद्यार्थियों में व्यवसाय संबंधी कौशल उत्पन्न करना

(घ) विभिन्न व्यवसाय समूहों द्वारा तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था करना।

19. निरक्षर प्रौढ़ों के लिए 'रात्रि विद्यालयों' की स्थापना की सिफारिश सर्वप्रथम की –

(क) हन्टर आयोग ने (ख) वुड घोषणापत्र ने

(ग) हर्टांग समिति ने (घ) राधाकृष्णन् आयोग ने।

20. राममूर्ति समिति ने सभी बच्चों को उत्तम शिक्षा दिलाने में निम्नलिखित में से किसके पक्ष में सिफारिश की ?

(क) पब्लिक स्कूल (ख) पड़ौसी स्कूल

(ग) नवोदय विद्यालय (घ) मुक्त विद्यालय।

21. नवोदय विद्यालय किस उद्देश्य से स्थापित किए गए हैं ?

(क) ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी छात्रों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए

(ख) अनुसूचित जातियों के बच्चों की शिक्षा के लिए

(ग) ग्रामीण क्षेत्र में किसानों के बच्चों की शिक्षा के लिए

(घ) ग्रामीण क्षेत्र में निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए।

22. वेदान्त के अनुसार ज्ञान है –
(क) निरपेक्ष (ख) सापेक्ष
(ग) रचनात्मक (घ) व्यक्तिनिष्ठ।

23. भारतीय संविधान में स्थापित राष्ट्रीय मूल्य है –
(क) आदर्शवादी एवं पारम्परिक (ख) व्यावहारिकतावादी एवं आधुनिक
(ग) आध्यात्मिक एवं पंथ-निरपेक्ष (घ) आदर्शवादी एवं व्यावहारिकतावादी।

24. शिक्षा के निजीकरण से किस राष्ट्रीय मूल्य की प्राप्ति में बाधा उत्पन्न हो सकती है ?
(क) वैज्ञानिक स्वभाव (ख) राष्ट्रीय एकता
(ग) शिक्षा के अवसरों में समानता (घ) पंथ-निरपेक्षता।

25. शिक्षा में अवसरों की समानता तब प्राप्त की जा सकती है जब –
(क) लिंग भेद समाप्त हो जाए
(ख) व्यवहार की समानता सुनिश्चित कर दी जाए
(ग) एक जाति में विवाह करना बन्द कर दिया जाए
(घ) शिक्षा में परिणाम की समानता सुनिश्चित हो जाए।

26. समाज के दुर्बल वर्गों के लिए किया गया आरक्षण आधारित है –
(क) मानवता के दृष्टिकोण पर
(ख) इस संकल्पना पर कि शिक्षा का अधिकार प्रत्येक को है
(ग) शैक्षिक अवसरों की समानता पर
(घ) सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण पर।

27. निम्नलिखित में से एक सम्बन्धक विश्वविद्यालयों का कार्य नहीं है –
(क) विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षण का आयोजन
(ख) परीक्षा का आयोजन
(ग) पाठ्यचर्या निर्माण
(घ) शहर से बाहर महाविद्यालयों की सम्बद्धता।

28. निम्नलिखित में कौन-सा उद्देश्य शिक्षा आयोग (1964-66) द्वारा प्रस्तावित नहीं किया गया है ?
(क) शिक्षा का निजीकरण (ख) शिक्षा एवं उत्पादन
(ग) राष्ट्रीय एवं सामाजिक एकता (घ) शिक्षा एवं प्रजातंत्रीय सुदृढ़ता।

29. भारतीय समाज का कौन-सा वर्ग शैक्षिक दृष्टि से सर्वाधिक वंचित है ?
(क) महिलायें (ख) विकलांग व्यक्ति
(ग) अनुसूचित जातियाँ (घ) अनुसूचित जनजातियाँ।

30. शिक्षा में टी.क्यू.एम. (TQM) से आशय है –
(क) निर्धारित उद्देश्यों की गुणवत्ता के साथ प्राप्ति (ख) गुणवत्ता पर बल
(ग) मात्रा तथा गुणवत्ता का संघर्ष (घ) शिक्षा के मशीनीकरण से।

## (ब) - तार्किक क्षमता - शाब्दिक, विमितीय एवं अमूर्त  पूर्णांक : 40
## (Reasoning Ability - Verbal, Spatial and Abstract)

**निर्देश :**

1. परीक्षण पत्र के इस भाग में कुल 40 प्रश्न हैं, जिनके हल के लिए 40 मिनट का समय निर्धारित है।
2. उत्तर देने के लिए आपको पृथक् उत्तर-पत्र दिया जायेगा।
3. प्रत्येक प्रश्न बहुविकल्पी (Multiple Choice) है। प्रत्येक प्रश्न से चार विकल्प - क, ख, ग, घ दिये गये हैं। आपको प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु एक विकल्प का चयन करना है।
4. आप प्रश्न क्रमानुसार प्रत्येक प्रश्न के लिए जिस विकल्प को सर्वाधिक उपयुक्त समझें उसके क्रमाक्षर को उत्तर प्रपत्र में दिये गये क, ख, ग, घ को O गोल चिह्न से संकेतित करें।

**निर्देश :** नीचे दिये गये शब्द-युग्मों में जो सम्बन्ध है उससे मिलता सही विकल्प दिये गये विकल्पों में से छाँटिये।

1\. घोड़ा : घास
(क) भेजा : अध्ययन (ख) शक्ति : स्वास्थ्य (ग) कार : पेट्रोल (घ) पशु : भोजन

2\. पूर्वकथन : भविष्य
(क) भूत : भविष्य (ख) पढ़ाई : परीक्षा (ग) पश्चाताप : अकेला (घ) कथनी : करनी

3\. गहरा : छिछला
(क) स्वतन्त्रता : जेल (ख) पास : दूर (ग) दूरी : ऊँचाई (घ) गणतन्त्र : प्रजातन्त्र

4\. सूर्य : ताप
(क) जड़ : पेड़ (ख) सहृदय : भला (ग) फल : फूल (घ) फूल : गन्ध

5\. अनेक : थोड़े
(क) प्रायः : कदाचित् (ख) बहुवचन : एकवचन (ग) बहुत : कम (घ) समुद्र : नदी

6\. पुस्तक : पृष्ठ
(क) जंजीर : पैर (ख) वृक्ष : पत्ती (ग) पेंच : खाँचा (घ) कविता : छन्द

7\. मीडिया : समाचार
(क) गृह : नियम (ख) विधाई : ब्यूरो (ग) पुस्तकालय : शब्द (घ) सरकार : अधिनियम

8\. क्रान्ति : परिवर्तन
(क) बीमारी : औषधि (ख) सन्धि : शान्ति (ग) खाना : ऊर्जा (घ) विख्यात : कुख्यात

9\. आशावादी : निराशावादी
(क) कठिन : असम्भव (ख) अध्ययन : खेल (ग) सहनशील : वीभत्स (घ) निर्यात : आयात

10\. इन्द्र : वर्षा
(क) कालिदास : काव्य (ख) कोलम्बस : अमेरिका (ग) शिव : सौन्दर्य (घ) कामदेव : प्रेम

**निर्देश :** नीचे दिये गये विकल्पों में से एक अन्य तीनों से बेमेल है। बेमेल विकल्प को पहचानिये –

11\. (क) सलाह (ख) परामर्श (ग) सुझाव (घ) दिशा

12\. (क) तोता (ख) गोरैया (ग) किवी (घ) चील

13\. (क) आयताकार (ख) वर्गाकार (ग) स्तम्भाकार (घ) वृत्त

14\. (क) क, ख (ख) त, थ (ग) य, र (घ) स, ट

15\. (क) पहाड़ (ख) नदी (ग) नहर (घ) घाटी

**निर्देश :** नीचे दिये गये शब्दों से संलग्न विकल्पों में से निकटतम अर्थ वाले विकल्प का चयन कीजिये –

16\. शिक्षणीय
(क) शिक्षा देने वाला (ख) शिक्षण जानने वाला (ग) सीखने लायक (घ) जिसे सिखाना सम्भव हो

17\. अबोधगम्य
(क) अकाट्य (ख) अभेद्य (ग) अज्ञातव्य (घ) अनभिगम्य


18\. अप्रासंगिक
(क) अशुद्ध (ख) उपयोगी (ग) आवश्यक (घ) महत्त्वहीन


19\. मानक
(क) सुस्थिर मान (ख) गौरव (ग) मापनी (घ) मनौती


20\. गर्व
(क) गुरुता (ख) घमण्ड (ग) गरिमा (घ) कीमती


**निर्देश :** दिये गये वैकल्पिक रेखाचित्रों में से उस एक का चयन कीजिये जो परस्पर सम्बन्ध प्रदर्शित करता हो –

21. खाद्य : फल : केला


(क) 


(ख) 


(ग) 


(घ) 

22. जल : व्हेल : मछली


(क) 

(ख) 


(ग) 


(घ) 

23. व्हेल : चिमगादड़ : मगरमच्छ


(क) 


(ख) 


(ग) 


(घ) 

24. प्रवेश : परीक्षा : परिणाम


(क) 

(ख) 


(ग) 


(घ) 

25. शिक्षा : प्रवेश : अध्ययन : परीक्षा


(क) 

(ख) 

(ग) 

(घ) 


26. प्रश्न चिह्न के स्थान पर कौनसी संख्या आयेगी ?




(क) 21 (ख) 17

(ग) 50 (घ) 60

27. लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए।




(क) 10 (ख) 11
(ग) 12 (घ) 13

28. यदि दोपहर 12 बजे को 00.00 लिखा जाता है और 2.30 A.M. को 02:30 लिखा जाता है, तो 5.45 P.M. को कैसे लिखा जायेगा ?
(क) 17:45 (ख) 07:45 (ग) 05:45 (घ) 12:45

29. साठ व्यक्तियों के एक समूह में डॉक्टर, प्रोफेसर और वकील हैं। 40 व्यक्ति प्रोफेसर नहीं है। 10 प्रोफेसर भी हैं और डॉक्टर भी। 4 केवल प्रोफेसर हैं तथा 3 प्रोफेसर, डॉक्टर और वकील तीनों हैं। कितने व्यक्ति प्रोफेसर और वकील हैं ?
(क) 4 (ख) 2 (ग) 8 (घ) 6

30. "एक व्यक्ति ने एक चित्र दिखाते हुए कहा, 'मेरे कोई भाई-बहिन नहीं हैं। इस व्यक्ति के पिता मेरे पिता के पिता का पुत्र है।" वह व्यक्ति किसका चित्र दिखा रहा था ?
(क) अपने चचेरे भाई का (ख) अपने लड़के का (ग) स्वयं अपना (घ) अपने मामा का

**कथन :** (i) सभी हाथी चिड़ियाँ हैं। (ii) कुछ चिड़ियाँ गाय है।
**निष्कर्ष :** (अ) कुछ गाय चिड़ियाँ हैं। (ब) कुछ हाथी गाय है।

31. यदि उपरोक्त कथन सही हो तो कौनसा निष्कर्ष सही होगा ?
(क) केवल अ (ख) केवल ब (ग) अ और ब दोनों (घ) दोनों में से कोई नहीं।

32. एक पिता के तीन पुत्र थे, जो तीन-तीन साल के अन्तराल से पैदा हुये थे। तीनों की आयु का योग 24 वर्ष है, तो सबसे छोटे पुत्र की आयु क्या होगी ?
(क) 6 (ख) 8 (ग) 11 (घ) 5

33. अ, ब, स, द, य और फ एक गोल मेज के चारों ओर बैठे हैं। अ, फ और य के बीच में हैं। य, द के सामने हैं और स, य की अगल-बगल वाली सीट पर नहीं है, तो ब के सामने कौन हैं ?
(क) फ (ख) स (ग) द (घ) इनमें से कोई नहीं।

**निर्देश :** किसी जनसभा में आठ वक्ता थे-A, B, C, D, E, F, G, तथा H। प्रत्येक वक्ता कुछ समय तक निम्नलिखित पद्धति से बोला :
(i) A, F के बाद बोला तथा B से अधिक समय लिया।
(ii) C, G से पहले पर B के बाद बोला तथा E से कम समय लिया।
(iii) D, H के बाद पर B से पहले बोला तथा H से कम लेकिन E से अधिक समय लिया।
(iv) H, A के बाद बोला तथा B से कम समय लिया।

34. पहला वक्ता था :

(क) B (ख) C (ग) D (घ) F

35. निम्नांकित में से सर्वाधिक बोलने वाला कौन था ?

(क) A (ख) B (ग) D (घ) E

36. निम्नांकित में से एक सही कथन हैं, यदि सूचना के आधार पर तय किया जाये :

(क) A दूसरा वक्ता था तथा उसका भाषण सबसे लम्बा था।

(ख) B, C से पहले बोला तथा H से अधिक समय लिया।

(ग) C अन्तिम वक्ता था तथा उसका भाषण सबसे अधिक संक्षिप्त था।

(घ) D, G के बाद बोला तथा A से कम समय लिया।

**निर्देश :** अधोलिखित सूचना को पढ़िये तथा प्रश्न 37-39 का उत्तर दीजिए -

(i) अ, ब, स, द तथा ई पाँच मित्र हैं। (ii) अ, ब से छोटा है लेकिन ई से लम्बा है।

(iii) स सबसे अधिक लम्बा है। (iv) द, ब से थोड़ा छोटा है लेकिन अ से थोड़ा लम्बा है।

37. सबसे छोटा कौन है ?

(क) अ (ख) ब (ग) ई (घ) द

38. यदि वे अपनी लम्बाई के क्रम में खड़े होते हैं तो मध्य में कौन होगा ?

(क) अ (ख) ब (ग) स (घ) द

39. उपरोक्त दिये गये कथनों में से कौन सा कथन निरर्थक हैं ?

(क) अ (ख) स (ग) द (घ) इनमें से कोई नहीं।

40. पाँच वर्ष पश्चात् एक पिता की आयु उसके अपने पुत्र की आयु की तिगुनी होगी जबकि पाँच वर्ष पूर्व वह अपने पुत्र से सात गुना बड़ा था। पिता की वर्तमान आयु क्या है ?

(क) 35 वर्ष (ख) 40 वर्ष (ग) 45 वर्ष (घ) 50 वर्ष

**(स) - शिक्षा सम्बन्धित विषयवस्तु का पठित अवबोध** **पूर्णांक : 30**

***(Reading Comprehension of Matter related to Education)***

**निर्देश :** आपको शिक्षा सम्बन्धी एक लेख का कुछ अंश पढ़ने हेतु दिया जा रहा है। इस अंश पर आधारित 15 प्रश्न साथ संलग्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प हैं। विषयवस्तु को ध्यान से पढ़कर आपको इन प्रश्नों के संलग्न विकल्पों में से सर्वोत्तम विकल्प का चयन करना है। आप जिस विकल्प का उत्तर के लिए चयन करें उसके क्रमाक्षर को (उत्तर प्रपत्र में दिये गये क, ख, ग, घ को) O चिह्न से संकेतिक करें।

मनुष्य की अन्तर्निहित पूर्णता को अभिव्यक्त करना ही शिक्षा है। ज्ञान मनुष्य में स्वभावसिद्ध है; कोई भी ज्ञान बाहर से नहीं आता; सब अन्दर ही है। हम जो कहते हैं कि मनुष्य 'जानता' है, यथार्थ में, मानसशास्त्र-संगत भाषा में, हमें कहना चाहिए कि वह 'आविष्कार करता' है, 'अनावृत' या 'प्रकट' करता है। मनुष्य जो कुछ 'सीखता' है, वह वास्तव में 'आविष्कार करना' ही है। 'आविष्कार' का अर्थ है - मनुष्य का अपनी अनन्त ज्ञानस्वरूप आत्मा के ऊपर से आवरण को हटा लेना। हम कहते हैं कि न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण का आविष्कार किया। तो क्या वह आविष्कार कहीं एक कोने में न्यूटन की राह देखते बैठा था ? नहीं, वह उसके मन में ही था। जब समय आया तो, उसने उसे जान लिया या ढूँढ़ लिया। संसार को जो कुछ ज्ञान प्राप्त हुआ है, वह सब मन से ही निकाला है। विश्व का असीम ज्ञान भण्डार स्वयं तुम्हारे मन में है। बाहरी संसार तो एक सुझाव, एक प्रेरक मात्र है, जो तुम्हें अपने ही मन का अध्ययन करने के लिए प्रेरित करता है। सेब के गिरने से न्यूटन को कुछ सूझ पड़ा और उसने अपने मन का अध्ययन किया। उसने अपने मन में विचार की पुरानी कड़ियों को फिर से व्यवस्थित किया और उसमें एक नयी कड़ी को वह देख पाया, जिसे हम गुरुत्वाकर्षण का नियम कहते हैं। वह न तो सेब में था और न पृथ्वी के केन्द्रस्थ किसी वस्तु में।

अत: समस्त ज्ञान, चाहे वह लौकिक हो या आध्यात्मिक, मनुष्य के मन में है। बहुधा वह प्रकाशित न होकर ढका रहता है। और जब आवरण धीरे-धीरे हटता जाता है, तो हम कहते हैं कि 'हम सीख रहे हैं। ज्यों-ज्यों इस आविष्कार की क्रिया बढ़ती जाती है, त्यों-त्यों हमारे ज्ञान की वृद्धि होती जाती है। जिस मनुष्य पर से यह आवरण उठता जा रहा है, वह अन्य व्यक्तियों की अपेक्षा अधिक ज्ञानी है, और जिस पर यह आवरण तह पर तह पड़ा हुआ है, वह अज्ञानी है। जिस पर से यह आवरण पूरा हट जाता है, वह सर्वज्ञ, सर्वदर्शी हो जाता है। चकमक पत्थर के टुकड़े में अग्नि के समान ज्ञान मन में निहित है और सुझाव या उद्दीपक-कारण ही वह घर्षण है, जो उस ज्ञानाग्नि को प्रकाशित कर देता है। सभी ज्ञान और सभी शक्तियाँ भीतर हैं। हम जिन्हें शक्तियाँ, प्रकृति के रहस्य या बल कहते हैं, वे सब

भीतर ही हैं। मनुष्य की आत्मा से ही सारा ज्ञान आता है। जो ज्ञान सनातन काल से मनुष्य के भीतर निहित है, उसी को बाहर प्रकट करता है, अपने भीतर देख पाता है।

1. उपरोक्त लेखांश का शीर्षक –
   (क) जानना (ख) ज्ञान की प्रक्रिया (ग) ज्ञान और उसका स्रोत (घ) मानव ज्ञान।
2. सर्वज्ञ कौन है ?
   (क) सर्वदर्शी (ख) जो सब कुछ जानता है
   (ग) जिसके मन के समस्त आवरण हट जाते हैं (घ) जिसने अपने मन में झाँक लिया है।
3. उपरोक्त लेखांश कौन-से सोच को दर्शाता है ?
   (क) व्यवहारवादी (ख) आदर्शवादी (ग) वेदान्ती (घ) पारम्परिक
4. अन्तर्निहित पूर्णता से तात्पर्य है –
   (क) मनुष्य के अन्दर छिपी समस्त क्षमतायें (ख) मनुष्य के अन्दर समाहित समस्त गुण
   (ग) मनुष्य के अन्दर निहित समस्त आवरण (घ) मनुष्य के अन्दर निहित आत्मा।
5. एक अच्छे शिक्षक का सही कार्य है –
   (क) छात्र में अन्तर्निहित शक्तियों का प्रकटीकरण करवाना
   (ख) छात्र में अन्तर्निहित शक्तियों का प्रकट करवाने में छात्र की मदद करना
   (ग) छात्र के विकास में मदद करना
   (घ) छात्र के साथ तर्क कर उसकी तर्क शक्ति का विकास करना।
6. मनुष्य की आत्मा होती है –
   (क) अजर-अमर (ख) अविनाशी (ग) निरपेक्ष (घ) अनन्त ज्ञानस्वरूप।
7. जानने से तात्पर्य है –
   (क) पुस्तक ज्ञान प्राप्त करना (ख) अपने मन का अध्ययन करना
   (ग) ज्ञान का आत्मसात् करना (घ) वक्त पड़ने पर अन्तर्निहित ज्ञान का उपयोग करना।
8. उपरोक्त लेखांश के अनुसार अध्यापक है –
   (क) एक सुझाव, एक प्रेरक (ख) सर्वज्ञाता (ग) सर्वदर्शी (घ) उपरोक्त सभी।
9. ज्ञान-प्राप्ति की दृष्टि से बेमेल पहचानिए –
   (क) मन का अध्ययन (ख) मन के आवरणों की अनावृत्ति
   (ग) इन्द्रियों का नियंत्रण (घ) जगत-एक प्रेरणा।
10. गुरुत्वाकर्षण का सिद्धान्त –
   (क) न्यूटन के मन में सुप्त था (ख) जगत में था
   (ग) प्रकृति में था (घ) मन में छिपे ज्ञान का प्रकाशित होना।
11. हमारे सीखने से तात्पर्य है –
   (क) लौकिक ज्ञान की प्राप्ति (ख) अलौकिक ज्ञान की प्राप्ति
   (ग) लौकिक और अलौकिक ज्ञान की प्राप्ति (घ) सेव में था।
12. एक अध्यापक छात्र की तुलना में –
   (क) अधिक ज्ञानी है (ख) अधिक ज्ञानी नहीं है
   (ग) अज्ञानी है (घ) यह निर्भर करेगा कि उसके मन के आवरण छात्र की तुलना में कितने हैं।
13. अग्नि है –
   (क) चकमक पत्थर में (ख) घर्षण में (ग) मनुष्य के मन में (घ) जगत में।
14. लेखांश में वर्णित ज्ञान दर्शन के अनुसार –
   (क) ज्ञान ब्रह्म में है (ख) ज्ञान जगत में है (ग) ज्ञान मन में है (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।
15. उपरोक्त लेखांश पर स्पष्ट प्रभाव है –
   (क) समस्त भारतीय दर्शनों का (ख) वेदान्त दर्शन का
   (ग) वैदिक दर्शन का (घ) पाश्चात्य आदर्शवादियों का।